लोक सभा अध्यक्ष उदयपुर में गीतांजलि विश्वविद्यालय व मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लेंगे भाग

...

नई दिल्ली, 10 जुलाई 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला मंगलवार को एक दिवसीय यात्रा पर उदयपुर आएंगे। यहां वे गीतांजलि विश्वविद्यालय तथा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

श्री बिरला 11 जुलाई को सुबह 9.30 बजे हवाई मार्ग से उदयपुर पहुंचेंगे। वे सुबह 11.00 बजे गीतांजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगे। यहां वे प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ उनका मार्गदर्शन भी करेंगे।

इसके बाद श्री बिरला दोपहर 1.10 बजे से 2.50 बजे तक सर्किट हाउस में प्रबुद्धजन से मिलेंगे। दोपहर 3 बजे से वे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की ओर से आयोजित लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी भी उनके साथ रहेंगे। कार्यक्रम के बाद वे पुनः सर्किट हाउस में प्रबुद्धजन से मिलेंगे। वहां से वे सड़क मार्ग से कोटा के लिए रवाना हो जाएंगे